हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026



## केंद्रीय कायाकल्प योजना: सर्वे के बाद रैंकिंग जारी, मिलेगा दो लाख का ईनाम

# शहरी स्वास्थ्य केंद्र में शंकरपुर प्रदेश में पहला, जिले में मुसरा-सुरगी को ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालिक कायाकल्प योजना अंतर्गत मूल्यांकन रिपोर्ट जारी कर दी गई है। शहरी स्वास्थ्य केंद्र की रैंकिंग में शंकरपुर स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र ने 99.62 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं जिलेवार जारी की गई रैंकिंग में मुसरा और सुरगी स्थित स्वास्थ्य केंद्र को ईनाम दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 15 मई 2015 को स्वच्छ भारत मिशन के विस्तार के रूप में कायाकल्प पुरस्कार योजना का शुभारंभ किया गया था। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में स्वच्छता, साफ-सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं में सुधार और बढ़ावा देना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केंद्रों को प्रोत्साहन देना है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में पीएचएफ को स्वच्छता, साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। 2015 में जिला अस्पतालों से शुरू हुई यह योजना पीएचसी स्तर 2016 तक विस्तारित हुई और फिर 2017 तक सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों को इसमें शामिल कर लिया गया।

### जिला अस्पताल की स्थिति खराब



एक तरफ जहां जिले के शहरी स्वास्थ्य केंद्र को प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल की स्थिति कमजोर बनी हुई है। हालांकि कायाकल्प योजना अंतर्गत 2024-25 के सर्वे में नवीनीकरण कार्य के चलते अस्पताल शामिल नहीं हो पाया था, लेकिन उससे पहले के सालों में हुए सर्वे में भी अस्पताल की स्थिति कमजोर पाई गई थी।

### अविभाजित जिले के पीएचसी, सीएचसी के अंक

**पीएचसी में जिलेवार रैंकिंग**

**केसीजी जिला** - पीएचसी मरकाटोला 93.9, पीएसची गातापार 91.9, पीएचसी उदयपुर 90.6, पीएचसी पैलीमेटा 88.9, पीएचसी पेंड्रावानी 87.5, पीएचसी पांडादाह 80.6, पीएचसी मुड़ीपार 80.6, पीएचसी बुंदेली 78.3, पीएचसी जालबांधा 75.8 और पीएचसी अतरिया 75.3 फीसदी अंक। जिले में मरकाटोला को ईनाम मिला है।

**एमएमसी जिला** - पीएचसी धनगढ़ 94.7, पीएचसी बांधाबाजार 94.4, पीएचसी भर्रीटोला 90, पीएचसी चिल्हाटी 72.8 और पीएचसी जादूटोला 72.5 फीसदी अंक। जिले में धनगढ़ को इनाम मिला है।

**जिला राजनांदगांव**- पीएचसी मुसरा 98.9, पीएचसी सुरगी 98.9, पीएचसी रामाटोला 97.8, पीएचसी मुरमुंदा 96.7, पीएचसी एलबी नगर 91.1, पीएचसी डुम्हरडीहकला 82.5, पीएचसी बड़गांव चारभांठा 81.7, पीएचसी मनगटा 81.4, पीएचसी अर्जुनी 77.8, पीएचसी खुज्जी 77.2 और पीएचसी कुसमी 74.4 फीसदी अंक। जिले में मुसरा एवं सुरगी को ईनाम मिला है।

**सीएचसी गंडई** - 77.08 फीसदी अंक, **सीएचसी छुईखदान** - 70.15 फीसदी अंक

### इन बिंदुओं के तहत जांच

कायाकल्प मूल्यांकन एक तीन-स्तरीय प्रक्रिया है। जिसमें आंतरिक, सहकर्मी और बाहरी मूल्यांकन शामिल है। हर वित्तीय वर्ष की शुरूआत में एक स्वास्थ्य सुविधाओं का पहले से तय मूल्यांकन मापदंड का इस्तेमाल करके मूल्यांकन किया जाता है और अंक दिया जाता है और डॉक्यूमेंटेशन किया जाता है। अस्पताल में ऊर्जा दक्षता, वायु और ध्वनि प्रदूषण, अपशिष्ट पदार्थों का कम उपयोग करें, उनका पुनः उपयोग करें और पुनर्चक्रण किया जा रहा है या नहीं। पृथ्वी और पर्यावरण को बचाओ, स्वास्थ्य और अच्छाई जैसे बिंदुओं पर जांच की जाती है।

## लड़ाई-झगड़ा करने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** लड़ाई-झगड़ा करने की शिकायत पर पुलिस ने अनावेदक को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भर्रेगांव में पूछताछ के दौरान यह पाया गया कि अनावेदक नशा कर अपने परिवार के सदस्यों को पुलिस में शिकायत करने पर आक्रोश व्यक्त करते वाद-विवाद किया। जिससे शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना बनी हुई थी। पुलिस ने अनावेदक टिकेश्वर बंजारे 25 साल को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय से जेल वारंट जारी होने पर जेल दाखिल कराया गया।

**बेचना हैं**
रिवर न्यू फार्म हाउस भूमि नदी किनारे डूंडेरा से मुड़पार से होकर डोंगरगढ़ जाने वाली डामर रोड पर स्थित भूमि बेचना है।
- संपर्क करें -
Mo. 9243901653

**जमीन बेचना हैं**
कमर्शियल (व्यावसायिक) जमीन तुमडीबोड़ से डोंगरगढ़ जाने वाली मुख्य मार्ग पर ग्राम डूंडेरा में स्थित है।
- संपर्क करें -
Mo. 7770999355

**संजीवनी** नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

## आज से चढ़ेगा रात का तापमान

पिछले दो महीने से जारी अंचल में ठंड के कहर से अब राहत मिलने के संकेत है। पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते ऐसा बताया जा रहा है कि आज से जिले के न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी का दौर शुरू हो जाएगा। हालांकि 25 और 26 जनवरी को तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है, परन्तु ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद भी अब अंचल में 10 डिग्री से नीचे पारा नहीं जाएगा। अंचल में उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण जिले सहित छत्तीसगढ़ में ठंडी हवाएं पहुंच रही है। जिसके असर से प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। ठंडी हवाओं के कारण रात के तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। सुबह के समय धुंध या हल्का कोहरा छा सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में 60 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है।

### 30 डिग्री पहुंचा पारा

अंचल में जहां रात के तापमान में इजाफा होने के चलते ठंड से राहत मिली है। वहीं दिन में भी अब तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। गुरुवार को मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम पारा 11 डिग्री पर पहुंच गया है।

## शराब तस्करी, फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** कार में मप्र निर्मित शराब को भरकर तस्करी करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 18 जनवरी को पुलिस ने मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही वाहन में शराब तस्करी की सूचना पर चौकी तुमडीबोड और साइबर की संयुक्त टीम गठित कर नेशनल हाईवे में ग्राम कोहका के पास आर्टिका कार, जिसमें 16 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब 147.00 बल्क लीटर व मोबाइल जब्त किया था, जिस पर आरोपी के विरुद्ध चौकी तुमडीबोड में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया था। प्रकरण के फरार आरोपी अरविंद साहू की गिरफ्तारी 23 जनवरी को कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।






## खबर संक्षेप

### रामकथा 25 और 26 को

**रामाटोला।** ग्राम धनडोगरी में श्रीराम कथा एवं लोक कला महोत्सव आगामी 25 एवं 26 जनवरी को रखा गया है। यह आयोजन श्री राम जानकी मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों सहयोग किया गया है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### स्पर्धा में कट्टापार के विद्यार्थी छाए

**खड़गांव।** जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों



सरखेड़ा में किया गया। स्पर्धा में प्राथमिक शाला कटटापार के छात्र छात्राओं ने जीत का परचम लहराया। शाला की महेश्वरी ने सुरीली कुर्सी में प्रथम, रिकेश कुमार ने भी सुरीली कुर्सी में प्रथम स्थान हासिल किया। मीनाक्षी ने 80 मीटर दौड़ में द्वितीय, रिकेश कुमार आदि ने रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मीनाक्षी, महेश्वरी आदि ने रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### हनुमान मंदिर का भूमिपूजन आज

**सड़क अतरिया।** सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में एकजुट 55 गांव के ग्रामीणों ने किसान अधिकार संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति ने बीते दिनों महापंचायत में विचारपुर पंडरिया मैदान में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्थापित करने का प्रस्ताव किया था। इस मंदिर का शनिवार को 55 गांव के ग्रामीणों की मौजूदगी में भूमि पूजन होगा। समिति के कामदेव जंघेल ने बताया कि फैक्ट्री के विरोध में किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। जब तक यह परियोजना रद्द नहीं हो जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### घिरघोली में मानस महोत्सव आयोजित

**सड़क अतरिया।** ग्राम घिरघोली में श्री सिद्ध बाबा मानस परिवार एवं



ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। पहले दिन पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं प्रदेश तुलसी मानस प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष रोहित जंघेल आदि ने पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 15 ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुति दिया। सभी मंडली को समिति ने सम्मानित किया।

### सरकारी जमीनों पर बेजा निर्माण

**डोंगरगढ़।** शहर में इन दिनों सरकारी जमीन पर कब्जा करने के अलावा अवैध प्लाटिंग बडे पैमाने पर किया जा रहा है। वहीं सरकारी गाईड लाईन को दरकिनार कर कुछ लोग बिना क्लोनाईजर लाईसेंस के जमीन का व्यापार कर रहे है। शहर के चौराहों, नाले किनारे की जमीन पर कब्जा करने के साथ बिना अनुमति के निर्माण किया जा रहा है। वहीं स्वीकृत कार्यों का नेताओं द्वारा दबाव में स्थल परिवर्तन केवल कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने किय जा रहा है। जानकारी के अनुसार जयस्तंभ चौक से मंदिर मार्ग मंदिर और अग्रसेन चौक में अधिकारियों की जानकारी बिना निर्माण को तोड़कर अन्य निर्माण किया जा रहा है। मुख्य सडक ग पर कालोनी विकसित किया जा रहा है वहीं अस्पताल से लगे नाले की आसपास की जमीन पर अवैध मकान बनाया जा रहा है। इसी प्रकार उपर मंदिर, प्रज्ञागिरि, चंद्रगिरि मार्ग, नेहरू विद्यालय, विद्युत मंडल के सामने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है।

### क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ आज

**खुज्जी।** सांसद ट्रॉफी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता कल 24 जनवरी को प्रारंभ होगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय होंगे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, हीरेन्द्र साहू, जिपं सदस्य गोपाल भुआर्य, बोधन साहू, मंडल अध्यक्ष हृदय देवांगन सहित अन्य शामिल होंगे। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी इस आयोजन के साक्षी बनने आतुर हैं।

### मुड़खुसरा में मानस गान आज से

**जेवरतला रोड।** ग्राम मुड़खुसरा में कल 24 एवं 25 जनवरी को मानसगान महोत्सव का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार यादव, भुवन भेड़िया ने देते हुए लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### भगवा ध्वज का रोहण

**सड़क अतरिया।** अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण



होने पर ग्राम पंडरिया में भगवा ध्वजा फहराया गया। अतिथि एवं ग्रामीणों ने सर्वप्रथम श्रीराम की पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर छुईखदान जनपद सभापति डोमारसिंह भेडिया, ज्योति जंघेल, सरपंच जानकी जंघेल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकिशन जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, तामेश्वर जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### अब श्रमिकों को मिलेगा 125 दिन रोजगार: वैष्णव

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने विकसित भारत जी राम



जी अधिनियम को ग्रामीण भारत के लिए दूरदर्शी, जनकल्याणकारी बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की यह ऐतिहासिक योजना ग्रामीण परिवारों को न केवल अधिक दिनों का रोजगार देगी साथ ही समयबद्ध मजदूरी प्रदान करेगी। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि रोजगार की गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाया जाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प का जीवंत उदाहरण है। इससे गरीब, किसान और श्रमिक वर्ग के जीवन में आर्थिक स्थायित्व आएगा। आय में वृद्धि होगी तथा पलायन पर अंकुश लगेगा।

## निधन



### सुहासिनी पाठक

**डोंगरगढ़।** स्थानीय निवासी सुहासिनी पाठक का आकस्मिक निधन हिंगणघाट में हो गया। वह सुजीत एवं संजय पाठक की माता थी। उनके निधन पर पाठक परिवार सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने मनरेगा के कार्य का लिया जायजा, श्रमिकों से चर्चा

# मनरेगा बचाओ अभियान का आगाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई के नव नियुक्त अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल ने पदभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को ग्राम पंचायत धोधा और हनईबन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ मनरेगा बचाव अभियान की औपचारिक शुरुआत की।

#### प्रावधान बदलने का विरोध

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन कर दिया है साथ ही इसके प्रावधानों में बदलाव किया है जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस गंडई ने मैदानी स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस मौके पर श्री चंदेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा गरीबों की जीविका का आधार है और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डिवाइडर बनाकर बंद कर दिया रास्ता वार्डवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**डोंगरगांव।** मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण अंतर्गत शहर में जहां तहां डिवाइडर बनाने और बिना किसी मापदंड के क्रासिंग छोड़ने से आवाजाही प्रभावित होने के साथ लोगों की परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही है।

डिवाइडर निर्माण की आड़ में करियाटोला वार्ड का प्रवेश और निकासी मार्ग बंद कर दिया गया है, जिससे वार्डवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है।

वार्ड के लोगों का आरोप लगाया है कि ठेकेदार और अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से डिवाइडर का निर्माण किया गया है। निर्माण में यह भी नहीं देखा जा रहा है कि इससे जनता, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आपातकालीन वाहनों को क्या दिक्कत होगी?



#### डिवाइडर हटाने की मांग

वार्डवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही डिवाइडर हटाकर रास्ता सुचारू नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद लीला मंडलोई, मनबोधी पटेल, राजीव वैष्णव, टिंकू देवांगन, चोवा साहू, बाली ठाकुर, गुलाब साहू, नवीन साहू, गिरधारी साहू, भूपेंद्र देवांगन, चैनसिंह, भोभराय साहू आदि उपस्थित थे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**डोंगरगढ़।** किसानों की समस्याओं को लेकर कल 24 जनवरी को कांग्रेस ने तहसील ऑफिस के सामने धरना देकर ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान की उपस्थिति में होगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विधायक श्रीमती बघेल ने किसानों को धान बेचने में आ रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए एसडीएम को पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने धान खरीदी की मियाद बढ़ाने, सभी किसानों का पूरा धान खरीदने, टोकन जारी करने सहित अन्य मांग रखा था। इस पत्र में उन्होंने मांग पूरी नहीं होने से 24 जनवरी को प्रदर्शन करने की बात कही थी।

#### शामिल होने का आह्वान

धरना में पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस, जिला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों के अलावा अंचल के किसान शामिल होंगे।

## शिवराम मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन

**डोंगरगढ़।** जागृति सेवा संस्थान ने अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगाँठ पर 201 दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन जय स्तंभ चौक स्थित श्री शिवराम मंदिर में किया गया। आयोजन में जागृति सेवा संस्थान, सर्व हिंदू संगठन, बजरंग दल, मातृशक्ति, बड़ी संख्या में शामिल हुए। विदित हो कि 15 से 25 जनवरी तक शहर के अलग अलग वार्डों में सर्व हिन्दू संगठन द्वारा रामधुनी प्रभातफेरी निकाली जा रही है। संगठन के मिडिया प्रभारी राजवीर कोचे ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण होना ऐतिहासिक क्षण होने के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण के विराट संकल्प का साक्षी है, जो सदियों की प्रतीक्षा के बाद साकार हुआ।



# विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल में गुरूवार को सांसद संतोष पांडेय ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। अतिथियों ने बेलगांव, सिंगारपुर, पैलीमेटा एवं मगरकुंड के 35 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। बेलगांव में सीसी रोड, पैलीमेटा में व्यवसायिक परिसर, अटल समरसता भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में श्री पांडेय ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताकर ग्रामीणों को लाभ उठाने प्रेरित किया।

#### श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

सांसद सहित उपस्थित अन्य ग्राम मगरकुंड श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना किया। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि आज ही के दिन साल भर पहले अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। आज वनांचल में श्री राम का आगमन हुआ है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, अनुज साहू, कांशीराम पोर्ते, कुमार पाल, अशोक साहू, चंद्रकुमार वर्मा, ज्योति जंघेल, डोमार सिंह भेड़िया, प्रकाश जंघेल, संतन साहू, युवराज पटेल, बालकिशन जंघेल, बल्लू जंघेल, अमरसिंह मरावी, मोहन नेताम, इंद्राणी वर्मा, बाला जंघेल, देवलाल साहू, डेरालाल मसखरे, राजू जंघेल, भुनेश्वर सेन, मूकचंद नायक, जानी मशखरे, अशोक कुमार, रामस्वरूप यादव, आकाश जायसवाल, राधे जंघेल, माखन जांघेल, दिनेश साहू, रामप्रसाद मरावी, केशलाल मंडावी, ओमप्रकाश सोरी, जंगलदास बघेल, नरेश धुर्वे, गंगाराम नेताम, ईश्वर साहू, दिलीप नागवंशी, रमेश जंघेल, पवन पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### शिक्षण संस्थाओं में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना

# उत्साह के साथ लोगों ने किया बसंत का स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में 23 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी मनाया गया। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात डॉ हेमलता विरदी ने सरस्वती वंदना किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन विद्या, बुद्धि और कल की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। वसंत ऋतु का आगमन नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देता है। इस अवसर में महाविद्यालय की समस्त छात्राएं एवं अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, ओम प्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन, चंद्रकांत कुंभकार, मोनीष खान, खेलन साहू, डॉ लव वर्मा उपस्थित थे। आयोजक डॉ संजू सिंह थी। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभी जैन ने किया।

#### मां सरस्वती की पूजा-अर्चना

**डोंगरगढ़।** बसंत पंचमी के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में माँ सरस्वती का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं ने माँ सरस्वती से ज्ञान एवं विवेक की कामना की। पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ सरस्वती को पुष्प, अक्षत एवं पीले वस्त्र अर्पित किए गए। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी, पुजारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

#### गर्ग विद्यालय में सरस्वती पूजन

**सड़क अतरिया।** गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में शुक्रवार को बसंत



पंचमी उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर शिक्षक एवं छात्रों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया। फूल, फल, चना, बेर, गेहूं की बाली आदि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, दामोदर वैष्णव, गौरव जंघेल, माधुरी धुर्वे, गायत्री मिर्चे, गितेश्वरी जंघेल, रितु जंघेल, मधु निषाद, टिकेश्वरी जंघेल, ऋषिका जंघेल आदि मौजूद रहे।



# कॉलेज में वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में प्रथम वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। इस दौरान घम्मन साहू, प्रियंका ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, जमुना कुर्रे, जंत्री साहू, विकेश गुप्ता, केशव चंदेल, ममता राजपूत, जयप्रकाश साहू, जयराम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, दुलेश्वर यदु, रीता देशमुख, रोशनी बंजारे, गजानंद विश्वकर्मा, गजानंद साहू, बीरेंद्र वर्मा, रामजी वर्मा, गुलशन वर्मा, राजेश्वर वर्मा, सुरेखा मंडावी तथा अनुपलाल वर्मा शामिल हुए। श्री सिंह ने माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन वासु दुबे एवं डॉ. नवीन सिंह राजपूत ने किया।

#### जमीन आबंटन की मांग

स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने वर्षभर की उपलब्धियों की जानकारी दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने महाविद्यालय भवन हेतु भूमि आबंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखा। श्री सिंह ने मांगों को महाविद्यालय के विकास हेतु आवश्यक बताते हुए शीघ्र प्रशासनिक कार्यवाही का आश्वासन दिया। अंत में आभार प्रदर्शन संजय देवांगन ने किया।

## एलबी नगर में 27 से मानस महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पंचायत लालबहादुर नगर में आगामी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीराम मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन रखा गया है। महायज्ञ का आयोजन संत चिन्मयानंद हरिद्वार के सान्निध्य में होगा। प्रतिदिन भक्तों को श्रीराम के जीवन से जुड़ी जानकारी दी जाएंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि श्रीराम मानस महायज्ञ अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे और दोपहर 1 से 4 बजे तक संत श्री चिन्मयानंद का प्रवचन होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नगर पंचायत ने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया है, ताकि यज्ञ सुचारू रूप से संपन्न हो सके। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, अशोक साहू, प्रमोद अग्रवाल, जीवन साहू, शेखर तिवारी, कुंदन तिवारी, दीपक अग्रवाल, नोबेल साहू सहित नगरवासी आयोजन की तैयारी में जुटे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### किसान संघ की बैठक आज

**राजनांदगांव।** समर्थन मूल्य पर धान बेचने से बचे किसानों का धान बिकवाने कल शनिवार को किसान संघ की बैठक होगी। उल्लेखनीय है कि गिरदावरी, एग्रीस्टैक पंजीयन, रकबा संशोधन एवं टोकन संबंधी विसंगतियों के चलते बड़ी संख्या में किसान धान नहीं बेच पाए हैं। बैठक में धान खरीदी में अवैध वसूली के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा भी की जाएगी। हस्ताक्षर हुए प्रपत्र लेकर आने किसान प्रतिनिधियों से कहा जा रहा है। राजनांदगांव विधानसभा में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के ज्ञापनों को स्पीकर हाउस में बैठक के बाद सौंपा जाएगी। बैठक में 30 जनवरी को राजधानी में प्रस्तावित कार्यक्रम में भागीदारी पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### बसंतोत्सव की धूम, प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**गंडई पंडरिया।** समीपस्थ ग्राम पेंडरवानी के शासकीय प्राथमिक शाला में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया, जिसे उपस्थित ग्रामीणों और अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रामचरण साहू, अध्यक्षता कर रहे उपसरपंच दिलेश्वर साहू और विशेष अतिथि किशुन राम साहू द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्था के प्रधान पाठक गांधी राम साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। उन्होंने बताया कि इसी दिन से ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ ही होली के पर्व का आगाज भी हो जाता है। पूजा-अर्चना के बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों की प्रतिभा को देखकर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया और तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा।

### सुतली और बोरो को रंगने वाले कलर में बड़े स्तर पर धांधली

# भाजपा नेता ने किया सुतली सप्लाई 23 की तुलना में डबल रेट लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते साल की तरह इस साल भी धान उपार्जन केंद्रो में धान बोरी सिलने वाली सुतली और बोरों को रंगने वाले कलर में बड़े स्तर पर धांधली की जानकारी मिल रही है।

इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के अनुसार राजधानी रायपुर में थोक रेट में बेहतर गुणवत्ता वाली बोरी सीलने की सुतली 65 से 70 रूपए किलो में मिल जाती है जो खुले बाजार में ज्यादा से ज्यादा 75 रूपए प्रति किलो के भाव से आसानी से उपलब्ध हो जाती है लेकिन बीते साल भाजपा नेता के दबाव में समिति प्रबंधको ने 120 रूपए प्रति किलो के हिसाब से सुतली खरीदा है जबकि उससे पहले बेहतर क्वालिटी की सुतली धमधा दुर्ग की कंपनी 94 रूपए किलो में पहुँचाकर दिया था। इस बार लगभग 170 रूपए प्रति किलो के हिसाब से सुतली खरीदने की जानकारी मिल रही है।

पता चला है कि उक्त सुतली और रंग की सप्लाई विजय आफसेट प्रिंटर्स बक्शी मार्ग खैरागढ़ ने की है। जिसमें उन्होंने धान खरीदी शुरू होते ही कई क्विंटल बोरी सिलने वाली सुतली और सैकड़ों लीटर छपाई में काम आने वाला कलर सप्लाई किया है। समिति प्रबंधकों को यह तय करने का अवसर भी नहीं मिला कि वो खरीदी के लिए और कहीं संपर्क करें क्योंकि सप्लाई करने वाली फर्म विजय आफसेट ने अपना दर कम करके दो फर्मो का कोटेशन खुद जमा किया है।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने पर समिति को प्रति क्विंटल प्रासंगिक व्यय के रूप में शासन स्तर पर राशि जारी होती है जिसका उपयोग उन्हें सुतली और कलर खरीदी, हमालों का भुगतान, कैप कवर जैसी अन्य जरूरतों के अलावा खरीदे धान की सुरक्षा को लेकर चौकीदारों को मासिक वेतन भुगतान के रूप में करना होता है लेकिन यहां बिना दर तय किए खरीदी केंद्रों में सुतली पहुंचा दिया गया जिसे लेकर केंद्र प्रभारियों में नाराजगी है लेकिन फर्म संचालक के सत्ता सरकार से जुड़ी पार्टी का होने के कारण दबाव दहशत के चलते मजबूर है।

#### कीमत देख प्रबंधकों के उड़े होश

समिति प्रबंधकों का कहना है कि 2023 में उन्होने स्वयं दुर्ग से सुतली की क्वालिटी चेक करने के बाद अपने स्तर पर आर्डर दिया था, लेकिन बीते दो सालों से उन्हें बिना बताए सामान सप्लाई करने के बाद भुगतान लिया जा रहा है। खरीदी केंद्रों को दिए कोटेशन मे गुप्ता बिल्डिंग नीड्स गोलबाजार, नमो एग्रो धमधा और सबसे अंत में कम रेट विजय आफसेट के नाम से प्रति 50 किलो गठान का 8 हजार 500 रूपए की दर का उल्लेख किया गया है इस हिसाब से देखते तो इस साल सुतली प्रति किलो 170 रूपए के आसपास पड़ रहा है, जो 2023 की तुलना मे लगभग दुगना है। बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि किसी भी सामान का दाम अंतर्राष्ट्रीय उथल पुथल या फिर सप्लाई में कमी के चलते सामान्य तौर पर पंद्रह से बीस प्रतिशत तक बढ़ता है, लेकिन यहाँ सुतली जैसी चीज के दाम में लगभग दुगनी बढ़ोतरी किसी भी स्थिति मे संभव नही है।

#### विवादित है फर्म

बीते साल नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई को काम हासिल करने 11 जुलाई 24 को प्रस्तुत कोटेशन में गुप्ता आफसेट प्रिंटर्स द्वारा खुद को सभी प्रकार के छपाई कार्य व स्टेशनरी सामानों के विक्रेता के रूप में दर्शाया गया लेकिन सुतली सप्लाई का काम हासिल करने चार महीने बाद 4 नवंबर 24 को स्टेशनरी के बाद जूट, सुतली व कलर विक्रेता अंकित कर दिया गया। जिसकी जानकारी होने के बाद जनसामान्य में इस बात की चर्चा हो रही कि सरकारी विभाग में काम हासिल करने अब विष्णु के सुशासन में रोज नया नया फर्म खड़ा हो जाए और बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई करने वाले के नाम से गुमाश्ता लाइसेंस लेने के बाद दुकानदार सोने चांदी का बिल लगाकर सरकारी विभागों में सामान सप्लाई करने लगे तो किसी के लिए आश्चर्यजनक नही होगा। वही अधिकारी भी इस मामले में वाजिब जवाब देने से कन्नी काट रहे है उनका कहना है कि यह प्रासंगिक राशि समिति स्तर पर खर्च करना प्रबंधक के उपर निर्भर करता है।

## सुसज्जित होगा नेताजी सुभाष क्लब का दो मंजिला नया भवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्थानीय मोतीपुर वार्ड नं. 03 अंतर्गत स्थित सुभाष चौक में शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर महापौर मधुसूदन यादव ने जनता की मांग पर बड़ी घोषणा की। उन्होंने सुभाष क्लब के जर्जर भवन के जीर्णोद्धार का भरोसा दिलाते कहा कि वहां दो मंजिला नया भवन बनाया जाएगा। यह सर्वसुविधाओं से सज्जित होगा। साथ ही उसे मंगल भवन की तरह की तैयार किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार से आवश्यक राशि की उपलब्धता की बात कही।

जयंती समारोह की शुरूआत अष्टधातु वाली नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प चक्र अर्पित करने के साथ हुई। इस बीच पूजा-पाठ कर तिलक लगाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसमें सुभाष क्लब की टीम के साथ स्कूली बच्चों ने भी सहभागिता की। मंच संयोजन कर रहे पार्षद और क्लब के पूर्व अध्यक्ष सावन वर्मा ने क्लब भवन की जर्जरता की तरफ महापौर श्री यादव का ध्यानाकर्षण कराते नए भवन की मांग रखी। साथ ही स्वागत भाषण के दौरान क्लब के अध्यक्ष चंदन वर्मा ने भी भवन के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर जोर देते बताया कि इसी भवन में मोहल्ले वाले सुख-दुख सभी प्रकार के कार्यों को संपादित कराते आ रहे हैं।

#### पुरानी यादें साझा की

महापौर ने कहा कि नए भवन के लिए राशि की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, नया भवन बहुपयोगी एवं सर्वसुविधा संपन्न होगा। उन्होंने मोहल्ले के नामकरण से लेकर सुभाष क्लब भवन के निर्माण और नेताजी की पहली प्रतिमा स्थापना से जुड़ी पुरानी यादें भी साझा की। कार्यक्रम में भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष सुमीत भाटिया, पार्षद मनोहर यादव, कमलेश बंधे, मदन यादव, रंगूलाल वर्मा, बसंत देवांगन, संतोष साहू, प्रकाश साहू, विनोद देवांगन, रूपेश देवांगन, महेश सिन्हा, रोहित वर्मा, गणेश देवांगन, रिंकू सिन्हा, लकेश देवांगन, देवेन्द्र, पियूष, अंशु, जितेन्द्र देवांगन आदि उपस्थित थे।

## 65 प्रकरणों में 33 सौ क्विंटल से अधिक का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुचारू बनाए रखने जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा अनाधिकृत खरीदी बिक्री के खिलाफ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन सघन अभियान चलाया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के उपार्जन केंद्रों में अन्य राज्यों से लाए गए धान की खरीदी न हो इसके लिए खाद्य, राजस्व, कृषि, मंडी और सहकारिता विभाग की संयुक्त टीमों के साथ-साथ उडनदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो जिले में सतत निगरानी और जांच कर रहे है।

#### मरकाटोला से 80 कट्टा धान जब्त

इसी क्रम में जय शक्ति ट्रेडर्स जालबांधा से 85 कट्टा, हे राम ट्रेडर्स मरकाटोला से 80 कट्टा धान को अवैध रूप से परिवहन करते हुए जब्त किया गया। खाद्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार जिले में अब तक 65 प्रकरणों में 3311.60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया जा चुका है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 66 लाख 22 हजार रुपये है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान परिवहन, भंडारण व अनियमित खरीदी-बिक्री के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। जिला खाद्य अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अपने पंजीकृत रकबे में वास्तविक रूप से उत्पादित धान का ही विक्रय उपार्जन केंद्रों में करें ताकि किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई से बचा जा सके। अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 9407957350 जारी किया गया है। इस नंबर के माध्यम से आम नागरिक अवैध धान के परिवहन, भंडारण अथवा खरीदी-बिक्री से संबंधित सूचना सीधे उनको दे सकते हैं।

## रूस्तम ने तीरंदाजी राउंड में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता तीरंदाजी अंडर-19 वर्ष बालक-बालिका का आयोजन 14 से 18 जनवरी तक इम्फ़ाल (मणिपुर) में आयोजित किया गया। जिसमें राजनांदगांव जिले के ग्राम सिंघोला निवासी रुस्तम साहू पिता संतोष साहू का चयन हुआ था। जिसमें रूस्तम साहू ने आधुनिक कम्पाऊंड वर्ग में महाराष्ट्र और केरल के इंडिया प्लेयर को हराते हुए साथ कड़े मुकाबले के साथ कांस्य पदक जीता है।

विदित हो कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कोंडागांव में रूस्तम साहू गोल्ड मैडल हासिल किया था। 45 एनटीपीसी जूनियर ओपन नेशनल प्रतियोगित रायपुर में भी अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। सीनियर वर्ग यू-19 स्कूल नेशनल गेम में राजनांदगांव के कम्पाउंड वर्ग में एक मात्र खिलाड़ी का चयन हुआ था। यह पहली बार हैं यू-19 स्कूल नेशनल गेम में छत्तीसगढ़ के तीरंदाजी खिलाड़ी मिक्स टीम में रूस्तम साहू ने महासमुंद की पदमा साहू के साथ मिलकर मिक्स टीम में केरल और महाराष्ट्र को पछाड़कर ऐतिहासिक कांस्य पदक पर जीत हासिल की है।



#### प्रतिभा को दे रहे हैं पंख

वर्तमान में स्व. अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन, जिला पुलिस प्रशासन विभाग और आईबी ग्रुप के संयुक्त प्रयास से रक्षित आरक्षित केंद्र राजनांदगांव पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की निगरानी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी खेल को आधुनिक उपकरण से ग्रामीण और शहरी बच्चों को निःशुक्ल प्रशिक्षण कोच हीरू साहू, अजेद्र टाडेकर, वनीता साहू द्वारा दिया जा रहा है।

#### सिंघोला में है प्रतिभावान तीरंदाजी खिलाड़ी

ग्राम सिंघोला के सरपंच मुकेश साहू ने बताया कि ग्राम सिंघोला के ऐसे अधिकांश खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य के तीरंदाजी अकादमी बिलासपुर एवं सेन्ट्रल लेवल के साई ट्रेनिंग सेंटर रायपुर में चयन होकर लगातार मेडल जीतकर ग्राम सिंघोला और राज्य का नाम रोशन किया है। ग्राम सिंघोला की माया बघेल, हर्षिता साहू, क्षमा पिस्दा ने कई नेशनल गेम खेले हैं और स्वर्ण पदक जीता है। रूस्तम साहू की उपलब्धि पर मुकेश साहू, मोती साहू, राकेश खुशबु साहू, ललिता डोमार साहू, जितेन्द्र साहू, छनेंद्र साहू, छन्नू साहू, शैलेन्द्र साहू, डॉ. रोशन साहू, गिरधारी धनकर, रोहित भारद्वाज ने राष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन होने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## बसंत पंचमी पर बच्चों ने की प्रार्थना

**अंबागढ़ चौकी।** बसंत पंचमी के महापर्व पर एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के बच्चों ने हे! शारदे मां ... की गूंज के साथ धर्म ध्वजा फहराया। बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ मां की वंदना कर विद्या की अर्चना की।

एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि बसंत पंचमी अवसर पर बच्चों ने शुभ मुहूर्त में मां वीणा वादिनि की स्तुति कर अपने उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। आज के विशेष महत्व को तव्वजो देते सभी बच्चे पीले वस्त्रों में सज-धजकर स्कूल पहुंचे। सभी ने अपने दोपहर के भोजन में पीली वस्तुओं को शामिल कर बसंत पंचमी के पर्व का शास्त्रोक्त संदेश दिया। शाला परिसर में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना मंत्रोच्चार के साथ की गई। सभी बच्चों को प्रसाद स्वरूप पीली मिठाई एवं इलाइची दाना का वितरण किया गया।

## शपथ ग्रहण का समारोह 26 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा राजनांदगांव द्वारा आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम नई चंद्रानगर कॉलोनी पीटीएस के पास स्थित महासभा के प्रदेश कार्यालय में संपन्न होगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सुबह 11.15 बजे आयोजित किया जाएगा। महासभा ने समाज के सभी महिला एवं पुरूष सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाएं।

ध्वजारोहण के पश्चात सर्वसम्मति से चुने गए समाज के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। यह कार्यक्रम डॉ. आरपीएस भदौरिया, प्रो. आरएन सिंह और संजय परिहार के सान्निध्य में संपन्न होगा।

#### सामाजिक बैठक

कार्यक्रम के समापन पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक आयोजित की जाएगी। महासभा के सचिव जयनारायण सिंह ने स्पष्ट किया है कि इस बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह पूरा कार्यक्रम संरक्षक शांतिदेवी परिहार, डॉ. आरपीएस भदौरिया और आरएन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष केपी सिंह व ओपी सिंह, सचिव वीरसिंह पायक व विजय बहादुर सिंह सहित संगठन के सभी प्रशासनिक एवं कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में प्रपा रामलाल साहू हुए शामिल

**खैरागढ़।** बालोद जिले के दूधली में आयोजित देश की पहली स्काउट्स एवं गाइड्स की पहली राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी मे जिले के 164 रेंजर रोवर शामिल हुए। राज्यपाल, सीएम, विधानसभा अध्यक्ष, शिक्षा मंत्री सहित स्काउट्स एवं गाइड्सके नेशनल और प्रदेश स्तर के अधिकारियो की मौजूदगी में आयोजित शिविर में जिले से जिला सचिव केके वर्मा और सुनील गुनी के नेतृत्व में 163 रोवर रेंजरो ने एडल्ट लीडर के साथ भाग लिया। ब्लाक के कट्टहा नवागॉव प्राशा के नवाचारी शिक्षक व प्रपा रामलाल साहू ने खैरागढ़ का प्रतिनिधित्व किया। जंबूरी में श्रीलंका, मेघालय, नागालैंड, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, हरियाणा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मणिपुर, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश सहित पूरे भारत के सभी राज्यों के करीब 40 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अभाव में जिंदगी जीने, सेवा, विश्वास, परंपरा, संस्कृति सहित हर विषय परिस्थितियों में तैयार रहने का संबल शिविर मे सीखा।



#### दर्जनों बार हो चुके है सम्मानित

प्रपा रामलाल साहू नेशनल जंबूरी मे शामिल होने से पहले अपनी नवाचारी शिक्षा पद्धति को लेकर बच्चों को लगातार प्रेरित करते आ रहे है। उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए बीते साल संभाग में उत्कृष्ट प्रपा का सम्मान मिला है। शिक्षा विभाग द्वारा सोंपे गए कामो को बखूबी अंजाम देने के कारण विभाग के साथ साथ ग्राम पंचायत, समाज सहित संस्थाओं द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेकर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने पर रामलाल साहू को डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, आत्माराम साहू, श्रीष पांडेय, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, निखिल सिंह, सरपंच प्रीतिलता साहू, शीतराम जोशी ने बधाई दी है। जंबूरी मे उनके अलावा बाकलसर्रा प्राशा के प्रपा संजूराम कंवर, जयंत वर्मा, रूकम साहू, विशाल ठाकुर, हेमलाल वर्मा, मिथलेश पटेल, जितेन्द्र वर्मा, अमरदास चेलक, अश्वनी धुर्वे, भूषण वर्मा, ललिता कोसरे, पूर्णिमा नेताम, पायल राजपूत सहित अन्य ने बधाई दी है।

### 40 वर्षों बाद हुए ऐतिहासिक आयोजन में भक्ति भाव में डूबा रहा नगर

## महापुराण ज्ञान यज्ञ में भक्ति और एकता का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई राज देवांगन समाज के नेतृत्व में आयोजित सात दिवसीय मां परमेश्वरी देवी महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन शुक्रवार, 23 जनवरी को भव्य शोभायात्रा और मूर्ति विसर्जन के साथ हुआ। टिकरीपारा स्थित देवांगन निवास में आयोजित इस आध्यात्मिक महाकुंभ में पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। सामाजिक जनों के अनुसार, लगभग 40 वर्षों के बाद नगर में ऐसा भव्य आयोजन हुआ है, जिसमें समाज की अभूतपूर्व एकता देखने को मिली।

समापन के अवसर पर शुक्रवार प्रातः 10 बजे हवन कार्यक्रम हुआ, जिसमें 60 से अधिक जोड़ों ने आहुतियां दी। दोपहर में सामूहिक आरती के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जय बाबा हरदे लाल निर्मल जस झांकी परिवार



(मेडेसरा दुर्ग) के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कथावाचक पं. संतोष राव को रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया, जहां समाज के युवाओं और युवतियों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। अंततः मां परमेश्वरी की मूर्ति को ग्राम हनईबन के तालाब में ससम्मान विसर्जित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा देवांगन समाज की मेहनत रंग लाई। इस दौरान समाज के अध्यक्ष जय देवांगन, उपाध्यक्ष मंतराम देवांगन, सचिव भुनेश्वर देवांगन, कोषाध्यक्ष संजीव देवांगन सहित चेतन, लक्ष्मण, टेकन, सावत, शिव, गिरधारी, पुष्पेंद्र, वेदप्रकाश, कृष्णा, भीखेराम, मनीराम, दुष्यंत, पुरन, त्रिभुवन, जगेशर, शैलेंद्र, क्रांति, जनक, जितेंद्र, उदय, राजकुमार, नेहरू, पुरेंद्र, गोलू, परमेश्वर, जगनंदन, रोहित, कन्हैया, श्रवण, राजू, रामकुमार, संतु, कामता, मेघनाथ, धर्मेंद्र, रीषी, कमलेश, पुनेश्वर, नरेश, राहुल, गज्जू, रमेश्वर, कैलाश, जवाहर, आशीष, दीपक और भारी संख्या में सामाजिक महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

#### सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल

कार्यक्रम की सफलता के लिए देवांगन समाज के लोगों ने 7 दिनों तक अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान और दुकानें बंद रखीं। प्रतिदिन समाज के विभिन्न लोगों द्वारा प्रसादी स्वरूप हलवा,पूड़ी ,लड्डू एवं खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। साथ ही समाज की पुण्य आत्माओं के छायाचित्र कथा स्थल पर रखकर उनके मोक्ष की कामना की गई।

#### राजनीतिक हस्तियों का लगा रहा तांता

इस सात दिवसीय अनुष्ठान में कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, केसीजी विधायक यशोदा वर्मा और जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित अनेक क्षेत्रीय नेताओं ने कथा स्थल पहुंचकर आशीर्वाद लिया और समाज की समरसता की सराहना की।

#### कथा के माध्यम से जानी समाज की उत्पत्ति

कथावाचक पं. संतोष राव ने अपनी सुमधुर आवाज में देवांगन समाज की उत्पत्ति, गोत्र और माता परमेश्वरी के महिमा का विस्तृत वर्णन किया। 17 जनवरी को कलश यात्रा से शुरू होकर प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों जैसे सृष्टि उत्पत्ति, दीपचंद देवांगन-माता हरणी विवाह, वस्त्र निर्माण और महिषासुर वध की कथाएं सुनाई गईं।

## शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य कार्यशाला



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि के प्रेक्षा गृह में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन और डीईओ लालजी द्विवेदी के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान वीकली आयरन एंड फोलिक एसिड सप्लीमेंटेशन कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए शिक्षकों की भूमिका और बच्चों के लिए डब्ल्यूआईएफएस दवा की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। तंबाकू मुक्त कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ अनम फातिमा ने स्कूलों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने की प्रक्रिया और तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी। डॉ. किशोर दत्त रायपुर ने वर्कप्लेस स्ट्रेस मैनेजमेंट और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन ने रेबीज नियंत्रण और फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी गई, वहीं आरएमए डॉ नागेश सिमकर ने बच्चों में होने वाली टाइप-1 डायबिटीज के लक्षण व सावधानियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के अंत में डॉ. रूना सिंह द्वारा उपस्थित शिक्षकों को सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डीपीएम सोनल धुरव, डीडीएम खिलेश साहू, डीएएम नवीन चौहान, राजू भुआर्य सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### तुमड़ीबोड़ मड़ई 2 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में 2 फरवरी को मंडई रखा गया है। उप सरपंच भूपेन्द्र सोनवानी, ग्राम पटेल अमरोतन साहू ने बताया कि रात्रि में रंगरसिया जोड़ीदार नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### न्यायालय, श्रम न्यायालय राजनांदगांव (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक 24/IDAct/2023
श्रवण तिथि 6.2.26

**श्रीमती मीना सिन्हा** पति ठाकुर राम सिन्हा, निवासी-ग्राम भेडर वानी राजनांदगांव तह व जिला राजनांदगांव एवं एक अन्य

// विरुद्ध //

**प्रधान पाठक,** शासकीय प्राथमिक शाला भेडरवानी तह व जिला राजनांदगांव

**सूचना-पत्र**

आवेदक ने आपके विरुद्ध औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2/ए/2 के तहत इस न्यायालय में प्रकरण संस्थित किया है । अतएव आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 06.02.2026 को दिन में प्रातः 11.00 बजे प्रकरण का उत्तर देने के लिए हाजिर होने बाबत सूचित किया जाता है। आप न्यायालय में स्वतः या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो,और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि, आप उक्त दिन उन सब दस्तावेजों को प्रस्तुत करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा । यदि कारणवश उक्त पेशी तारीख को अदालत का कामकाज बंद रहता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण में सुनवाई की जा कर प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

न्यायालय की मुद्रा

जज
(अंडर आई डी एक्ट)
लेबर कोर्ट, राजनांदगांव

## सार समाचार

### महापौर ने रोड़ निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** आम जनता से रूबरू होने एवं मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई तथा निर्माण कार्य का जायजा लेने महापौर मधुसूदन यादव वार्डों में सुबह पहुंच रहे है।



उन्होंने नवागांव, मोतीपुर एवं रामनगर क्षेत्र का निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के साथ निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पार्षद मनोहर यादव व तृप्ती पात्रे तथा वार्डवासियों की उपस्थिति में रामनगर में मदरसा रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। नवागांव में साफ-सफाई का जायजा लेकर महापौर श्री यादव नवागांव तालाब का ओव्हरफ्लो पानी निकासी के लिए नाली निर्माण हेतु निरीक्षण किया, ताकि पानी बस्ती में न भरे। उन्होंने मोतीपुर वार्ड नं. 7 व 8 का निरीक्षण किया। मोतीपुर, रामनगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू हुए और रामनगर में नाली निर्माण का निरीक्षण कर मदरसा रोड निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि रोड निर्माण हो जाने से आवागमन में वार्डवासियों को सुविधा होगी।

वार्डवासियों ने मदरसा रोड के आगे की बस्ती में सीमेंटीकरण करने, नाली निर्माण करने तथा लाईट लगाने की मांग की। इसी प्रकार बीच में लगे विद्युत पोल को हटाने और मंदिर में शेड लगाने की भी मांग की, जिस पर महापौर श्री यादव ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य कराए जाएंगे।

### राजा दिग्विजय दास की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** राजा दिग्विजय दास की पुण्यतिथि पर दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा ने महाविद्यालय में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



श्रद्धांजलि अर्पित करते हरीश शर्मा ने कहा कि राजा दिग्विजय दास वास्तव में दानवीर थे। उन्होंने शिक्षा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अपना महल दिग्विजय कॉलेज के रूप में दान कर दिया। साथ ही राजनांदगांव को एक सुव्यवस्थित और विकसित शहर के रूप में बसाने में उनका योगदान ऐतिहासिक है।

हरीश ने कहा कि जब रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में ट्रेनों का ठहराव नहीं होता था, तब राजा दिग्विजय दास के प्रयासों से राजनांदगांव में ट्रेनों को रूकवाया गया। उन्होंने जल व्यवस्था को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में सुचारू रूप से कार्य कर आमजन के जीवन को आसान बनाया। इस अवसर पर देवकुमार निर्वाणी, अनिल नागवंशी, ज्ञानेश गुप्ता, आशुतोष सिंह, मनोज निर्वाणी, अरविंद बैद, लाल जेके वैष्णव, आशीष डोंगरे, मुकेश शर्मा, संभाव वैद्य, दिव्यान देवांगन, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, राजेश वैष्णव, सुमित साहू, राजकुमार देवांगन, आशीष लहरे, विकास चतुर्वेदी, अरुण भास्कर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सोनाली यदु व रेहान खान ने जीता सिल्वर मेडल

**राजनांदगांव।** अस्मिता खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) लीग स्पर्धा यादव फार्म हाउस मोदी नगर (उत्तरप्रदेश) में आयोजित हुआ।



स्पर्धा में छग टीम से सोनाली यदु ने 63 किलोग्राम वजन समूह में सिल्वर मेडल प्राप्त की। अस्मिता खेलो इंडिया स्पर्धा के संबंध में राजनांदगांव भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि सोनाली यदु 76 किलोग्राम स्नेच व 99 किलोग्राम क्लिीनजर्क कुल 175 किग्रा वजन उठाकर अस्मिता खेलो इंडिया लीग स्पर्धा में सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा किया। वहीं 23वीं सीनियर राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें रेहान खान ने 94 किग्रा वजन समूह में 125 किग्रा स्नेच व 152 किग्रा क्लिीनजर्क कुल 277 किग्रा वजन उठाकर अपने वजन समूह में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। वहीं सूरज रामटेके, आर्दश जैम्स, ऋषिराज देवांगन व शेख मिरान ने चौथे स्थान पर रहे।

### गुम महिला कश्मीर में मिली

**राजनांदगांव।** गुमशुदा महिला को श्रीनगर जम्मू कश्मीर से पुलिस ने बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शिवकुमार साहू ने 22 जुलाई 25 को चौकी चिचोला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे उसकी पत्नी बिना बताए कहीं चली गई है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर पता तलाश में लिया गया। कायमी की सूचना वरिष्ठ कार्यालय में दिया तथा पता तलाश हेतु जिला ईस्तहार, सर्व थाना चौकी प्रभारी को हुलिया फोटा भेजा गया था। गुमशुदा की पता तलाश हेतु तकनीकी सहयोग के माध्यम से गुमशुदा को श्रीनगर मे होने लोकेशन पता चलने पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागी अधिकारी केसरी नंदन नायक ने चौकी प्रभारी के दिशा-निर्देश में टीम गठित कर पतासाजी हेतु गुमशुदा के परिजन के साथ श्रीनगर रवाना हुआ, जो गुमशुदा महिला को फारूख खन्ना निगीन श्रीनगर जम्मू कश्मीर के घर से बरामद किया गया। गुमशुदा से पूछताछ कर कथन लिया, जो गुमशुदा द्वारा अपने साथ किसी प्रकार कोई अपराध घटित नहीं होना बताने पर दस्तायाब कर परिजन को सुपुर्दनामा में दिया गया।

### तुमड़ीबोड़ में वीबी जी-राम-जी कार्यशाला आयोजित

# गांधी की आड़ लेकर रामजी के विरोध में उतरी कांग्रेसः पणिग्रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोदी सरकार की विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम-जी) योजना को ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को तुमड़ीबोड में आयोजित हुई।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और योजना के प्रचार-प्रसार के लिए गठित टोलियों के सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान योजना को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए मंडल स्तर पर कार्यशालाएं और ग्रामीण स्तर पर चौपाल आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी और प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष जगन्नाथ पणिग्रही ने कहा कि नया ग्रामीण रोजगार मिशन मनरेगा का विकसित रूप है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो आज मनरेगा-मनरेगा का शोर मचा रही है, उसने कभी जनता को यह नहीं बताया कि 2009 से पहले इस योजना में महात्मा गांधी का नाम तक नहीं था। सच यह है कि कांग्रेस बापू के नाम की आड़ लेकर ग्रामीण विकास की योजना का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को असल में दिक्कत रामजी के नाम से है, क्योंकि कांग्रेस सदैव राम नाम के खिलाफ रही है। श्री पणिग्रही ने बताया कि वीबी जी-राम-जी योजना का पूरा नाम विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन है। संभाग प्रभारी श्री पणिग्रही ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस के भ्रम फैलाने के इस प्रयास का मुंहतोड़ जवाब दे और योजना के लाभार्थियों तक योजना के लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाएं, ताकि ग्रामीणों के समक्ष गांव विरोधी कांग्रेस का चेहरा उजागर हो सके। कार्यशाला को संयोजक दिनेश गांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव सहित अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

#### राम का विरोध, कांग्रेस का इतिहास : पाण्डेय

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राम के नाम का विरोध करने के लिए कांग्रेस कोई भी सीमा लांघ सकती है। श्री पांडे ने कहा कि तुलसी दास जी जब जन्म लिए तो राम बोले, सभी माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा राम जैसे बने। राम इस देश की जीवन पद्धति है। राम के नाम बिना इस देश की कल्पना नहीं हो सकती, लेकिन कांग्रेस कभी यह बात नहीं समझ सकती।

#### गांव में बसती है भारत की आत्माः राजपूत

जिला भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को बताया कि मनरेगा की जगह वीबी जी-राम-जी योजना राष्ट्र के समग्र विकास के लिए लाई गई है। भारत गांव का देश है, भारत की आत्मा गांव में बसती है, इसलिए गांवों का मजबूत होना जरूरी है। यह योजना विकसित भारत को सफल बनाने की दिशा में अहम प्रयास है।

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे जिले के आपदा मित्र

**राजनांदगांव।** आपदा प्रबंधन को लेकर राहत बचाव का प्रशिक्षण देने वाले जिले के दो स्वयंसेवी आपदा मित्रों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के साइड इवेंट में शामिल होने और आयोजन देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।



शहर की चिखली निवासी मास्टर ट्रेनर एवं आपदा मित्र अनुसुइया साहू और सुरगी निवासी पुष्पेंद्र कुमार साहू को गणतंत्र दिवस समारोह के साइड इवेंट्स में भाग लेने और कर्तव्य पथ नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रदेश से इन दो ही आपदा मित्रों का चयन हुआ है। इनका चयन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आपदा मित्र स्वयं सेवकों के रूप में किया गया है। दोनों ही स्वयंसेवक 22 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। उनके चयन पर शुभचिंतकों और चित्र परिचितों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

#### यज्ञ-हवन के साथ मना बसंत पंचमी पर्व

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में संस्कृत विभाग द्वारा 23 जनवरी को महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में मां सरस्वती के समक्ष पूजा एवं हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संस्कृत विभाग के अध्यापक डॉ. कृष्णदत्त त्रिपाठी द्वारा संपन्न इस यज्ञ में संस्था के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने मुख्य यजमान के कार्य का निर्वहन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक स्वस्तिवाचन के मंत्रोच्चारणपूर्वक प्राचार्य के तिलककरण से किया गया।

## आठ लाख के गुम मोबाइल को खोजकर लौटाया

**खैरागढ़।** जिला केसीजी पुलिस टीम की विशेष पहल से गुम हुए 8 लाख से भी अधिक मूल्य के 51 मोबाइल फोन उनके स्वामियों को लौटाए गए।

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में मोबाइल भेंट कार्यक्रम कर गुम मोबाइलों का वितरण किया गया। केसीजी पुलिस टीम के प्रयास से गुम मोबाइल पाकर मोबाइल धारकों के चेहरों पर मुस्कान लौटी। दीगर राज्य, दीगर जिला एवं जिला अंतर्गत नक्सल प्रभावित दूरस्थ गांवों से मोबाइल रिकवरी चैलेंजिंग थी। नववर्ष में केसीजी पुलिस की ओर से लोगों को खास उपहार मिला।



#### मोबाइल मालिकों को सौंपा गया

जिला केसीजी पुलिस की सायबर टीम ने बेहतरीन तकनीकी प्रयास से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न स्थानों से 8 लाख से भी अधिक मूल्य के 51 गुम मोबाइल फोन बरामद किए थे, जिन्हें 23 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित "गुम मोबाइल भेंट कार्यक्रम" में 51 मोबाइलों के वास्तविक मालिकों को सौंपे गए।

#### बिखरी खुशियों की लहर

नववर्ष में गुम हुए मोबाइल फोन को पाकर सभी में खुशी की लहर और चेहरे पर मुस्कान छा गई। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी कि फोन वापस मिलेगा। सभी ने केसीजी पुलिस और सायबर टीम का आभार व्यक्त किया। जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा भविष्य में भी इसी तरह गुम मोबाइलों की रिकवरी की जाती रहेगी।

## बाइक की ठोकर से सड़क किनारे खड़ी दो बुजुर्ग मृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाईक की ठोकर से सड़क किनारे बात कर रही दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे मुड़पार में बुजुर्ग महिलाएं दोपहर के समय आपस में बात-चीत कर रही थी। इसी दौरान बाईक सवार ने उक्त महिलाओं को ठोकर मार दिया। बताया गया कि ठोकर से मौके पर ही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं घायलों को डोंगरगढ़ चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से एक बुजुर्ग महिला को मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया था। जहां उसकी भी मौत हो गई। इधर उक्त घटना से गांव में सनसनी एवं शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## विधि महाविद्यालय में शुरू होगी एलएलएम की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंडित किशोरलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में एलएलएम की कक्षाओं के लिए प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। साथ ही विधि की वर्तमान सीट 120 को बढ़ाकर 180 करने हेतु भी आवेदन विचाराधीन है।



नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित उक्त महाविद्यालय में एलएलएम की कक्षाएं इस मंशा के साथ शुरू किए जाने का प्रस्ताव है कि जिले के बच्चों को इस हेतु अन्यत्र प्रवेश हेतु न भटकना पड़े। कालेज में संचालित होने वाली कक्षाओं के विस्तार के हिसाब से पांच कमरे बनाए जाने की स्वीकृति आज साधारण सभा में दे दी गई।

नांदगांव शिक्षा मंडल की साधारण सभा की बैठक बीते दिनों विधि महाविद्यालय में आयोजित की गई। शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को जानकारी दी कि आगामी सत्र में एलएलएम की कक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। साथ ही पांच वर्षीय कोर्स के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

#### ई लाइब्रेरी का उदघाटन

अध्यक्ष श्री लाल ने बताया कि जरूरत के हिसाब से महाविद्यालय में पांच कमरे और शौचालय का निर्माण किया जाना है। बैठक में नांदगांव शिक्षा मंडल में तीन नए सदस्यों को शामिल करने की जानकारी भी साझा की गई। श्री लाल तथा अन्य पदाधिकारियों के कर कमलों से विधि महाविद्यालय में बनाए गए। विधिक सहायता केंद्र तथा ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण भी किया गया।संस्था द्वारा संचालित एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में आगामी सत्र के लिए एक स्कूल बस लिए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। यह भी बताया गया कि विधि महाविद्यालय में पदक प्रदान करने हेतु इच्छित परिवार अपने पूर्वजों की स्मृति में 25 हजार रुपए जमा कर याद को अमिट बना सकते हैं।

### मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

## नेताजी के योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शहर के सुभाष द्वारा के समीप स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय भाजपा पार्षदों ने शामिल होकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

भारत की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन करने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया गया। नेताजी सुभाष द्वारा के समीप आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वारा दिए गए नारे तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा एवं दिल्ली चलो को याद करते हुए भारत की आजादी में उनके द्वारा दिए गए योगदान को लेकर उन्हें नमन किया गया।

#### नेताजी के योगदान को किया याद

नेताजी सुभाष जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद वर्षा शरद सिन्हा ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का नारा आज भी देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों का स्मरण करता है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष यहां नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

#### नेताजी अमर रहे के नारे

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने भारत की आजादी के लिए दिए गए नेताजी के योगदान को लेकर संबोधित किया। वहीं भारतमाता की जय और सुभाषचंद्र बोस अमर रहे के नारे लगाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, शैंकी बग्गा, रवि सिन्हा, अपूर्वा श्रीवास्तव, मनोहर यादव, सुनील साहू, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, राधेश्याम गुप्ता, डीसी जैन सहित वार्ड के अन्य नागरिक उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद

# सात दिवसीय स्वदेशी मेले का आगाज, उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वालंबन की ओर बढ़ता भारत के स्लोगन के साथ गुरुवार को स्टेट हाईस्कूल मैदान में सात दिवसीय स्वदेशी मेला की शुरूआत हो चुकी है। 22 से 28 जनवरी तक चलने वाले स्वदेशी मेला का उद्घाटन समारोह गुरुवार शाम को रखा गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, नगर निगम राजनांदगांव के सभापति पारस वर्मा एवं छत्तीसगढ़ स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह-संयोजक शीला शर्मा मंच पर उपस्थिति रही। अतिथियों के साथ ही मंच पर स्वागत समिति के अध्यक्ष योगेश बागड़ी, मेला संयोजक विनोद डढ्डा, स्वागत समिति उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, स्वागत समिति सचिव विजय मानिकपुरी, सह-सचिव डॉ. चंद्रशेखर वर्मा, सह-संयोजक के रूप में किशुन यादव एवं कमलेश बैद, पार्षद रवि सिन्हा उपस्थित रहे। मंच का संचालन विजय मानिकपुरी ने किया।



#### बच्चों ने प्रस्तुत किया रामलीला

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वागत भाषण के बाद अतिथियों का उद्बोधन हुआ। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया और फिर भजन संध्या हुई। स्वदेशी मेला में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी फूड आइटम, किताबें, कालीन, क्रोकरी आइटम आदि के आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए विविध झूले भी लगाए गए हैं। मेला आयोजन के प्रति दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक दिवस रंगोली, कलश, मेहंदी, कंगन सजाओ, केश सज्जा, शिशु वेशभूषा, युगल जोड़ी, आरती थाली सजाओ, प्रांतीय पारंपरिक वेशभूषा, रंग भरो/चित्रकला, व्यंजन, बसंत सुंदरी, निबंध एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मेला आयोजन के प्रथम दिन ही सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। आने वाले दिनों में अधिक संख्या में लोगों के आने का अनुमान है।

### भोथीपारखुर्द में मूर्तियों की प्रदर्शनी

**राजनांदगांव।** ग्राम भोथीपार खुर्द शा.पु. माध्यमिक विद्यालय में मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन के दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियों की निःशुल्क प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान उनके द्वारा बच्चों को चित्रकला का प्रशिक्षण और कला सामग्री का वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संयोजक सचिन निषाद के नेतृत्व में अंकुश देवांगन तथा प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी के पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। प्रधानपाठक सुषमा मेश्राम ने इस विश्वस्तरीय कलाओं को उनके दूरस्थ ग्राम में प्रदर्शित करने कलाकार को धन्यवाद दिया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक हुमन सिंह ठाकुर, शिक्षिका दया साहू, सुविलास चंद्राकर, सुजात बोरकर, सोनम रामटेके उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ
(09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे ध्वजा रोहण



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन कवर्धा में आयोजित राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कवर्धा के आचार्य पंथ गृंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान आयोजित होगा। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे झंडा फहराएंगे। आयोजन की मीनट टू मीनट कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मंत्री श्री देवांगन का पीजी कॉलेज मैदान में 8.58 बजे आगमन होगा। प्रात 9 बजे झंडा फहराकर राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी होगी। 09.05 बजे पेरड का निरीक्षण एवं परेड का मार्चपास्ट होगा। 9.25 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन किया जाएगा। 9.40 बजे स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 10.10 बजे विभागीय चलित झांकिया और 10.20 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र का वितरण किया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि समारोह स्थल से प्रस्थान करेंगे।

### हितग्राही धनाइया को मिला योजना का लाभ

**कवर्धा।** जब रसोई से धुआं हटता है, तो सिर्फ दीवारें साफ नहीं होतीं, एक महिला की सेहत, समय और आत्मसम्मान भी सुरक्षित होता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना ने ऐसी ही एक नई शुरुआत दी है कबीरधाम जिले की श्रीमती धनाइया पटेल को, जिनकी जिंदगी अब धुएं से नहीं, सुकून से भरी है। कबीरधाम जिले के ग्राम सौगना की रहने वाली श्रीमती धनाइया पटेल ने ग्राम पंचायत के माध्यम से उज्ज्वला योजना में आवेदन किया था। आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें निःशुल्क गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा मिला।

# सहकारिता के भविष्य का साझा अवसर, गन्ना किसानों का भविष्य होगा सुरक्षित

■ भोरमदेव शक्कर कारखाने की किसानों से सर्वे अनुरूप गन्ना आपूर्ति की निर्णायक अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सहकारिता की मजबूती और गन्ना किसानों के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा ने अपने सदस्य गन्ना किसानों से सर्वे के अनुरूप गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की निर्णायक एवं सकारात्मक अपील की है। कारखाना प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यह पहल किसी प्रकार की चेतावनी नहीं, बल्कि किसानों और कारखाने—दोनों के हित में एक साझा अवसर है। कारखाना प्रबंधन द्वारा 23 जनवरी 2026 को जारी अपील में बताया गया कि पेराई सत्र 2023-24, 2024-25 तथा वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 के दौरान सर्वे अनुमान के अनुसार अपेक्षित मात्रा में गन्ना आपूर्ति नहीं हो सकी। इसके कारण कारखाने की पेराई क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाया, जिसका सीधा असर पेराई अवधि, उत्पादन स्तर और कारखाने की आर्थिक स्थिरता पर पड़ा है। प्रबंधन ने कारखाने की पंजीकृत उपविधियों का उल्लेख करते हुए बताया कि उपविधि धारा 07(02)(घ) के अंतर्गत प्रत्येक सदस्य गन्ना किसान के लिए अपना उत्पादित गन्ना कारखाने में आपूर्ति करना अनिवार्य है। वहीं उपविधि धारा 09(क)(05) में यह प्रावधान है कि यदि कोई सदस्य किसान लगातार सर्वे के अनुरूप गन्ना आपूर्ति नहीं करता है, तो उसकी सदस्यता समाप्त की जा सकती है। प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि इन प्रावधानों का उद्देश्य किसी प्रकार का दंड देना नहीं, बल्कि सहकारी संस्था की निरंतरता बनाए रखना और किसानों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा करना है।

### पर्याप्त गन्ना आपूर्ति से सुनिश्चित होगा कारखाना का संचालन : शर्मा



कारखाना प्रबंधन के अनुसार, यदि सर्वे के अनुरूप पर्याप्त गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित होती है तो कारखाने का संचालन सुचारु रूप से किया जा सकेगा। इससे पेराई अवधि बढ़ेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को उनके गन्ने का भुगतान समय पर एवं सुरक्षित रूप से किया जा सकेगा। इसके साथ ही किसानों को कारखाने से मिलने वाली सुविधाएं—जैसे रियायती दर पर शक्कर, प्रेस मड, उन्नत गन्ना बीज, आधुनिक गन्ना खेती का प्रशिक्षण—भी कारखाने के सफल संचालन पर ही निर्भर हैं। प्रबंधन ने यह भी कहा कि भोरमदेव शक्कर कारखाने का सुचारू संचालन क्षेत्र की सहकारी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है तथा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित करता है। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलती है। अंत में कारखाना प्रबंधन ने सभी सदस्य गन्ना किसानों से आह्वान किया है कि वे सहकारिता की भावना को समझते हुए उपविधि एवं सर्वे के अनुरूप गन्ना आपूर्ति बढ़ाएं और भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने को किसानों की उन्नति का मजबूत आधार बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

**समस्या:** गन्ना की मिठास भा रही हाथी को, फसल की बर्बादी से किसानों को नुकसान

# आबादी क्षेत्र में पहुंचा जंगली हाथी, क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

बीते दो दिनो से पंडरिया वन परिक्षेत्र (पश्चिम) के पाढ़ी और गांगापुर गांव के आसपास जंगली हाथी के विचरण से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। बताया जाता है कि लगभग 10 वर्ष का यह नर हाथी अपने झुंड से भटककर जिले के सीमावर्ती पंडरिया वन क्षेत्र से निकलकर रहवासी इलाकों तक पहुंच गया है। गौरतलब है कि इन दिनो इस क्षेत्र में गन्ना की फसल बड़ी मात्रा में खड़ी है जो हाथी का पसंदीदा आहार माना जाता है। माना जा रहा है कि यही वजह है कि हाथी लगातार खेतों के आसपास मंडरा रहा है और फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं दूसरी तरफ खेतों में गन्ने की फसल को रौंदे जाने से ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। कुछ ग्रामीण हाथी को खेतों से भगाने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं बच्चों और युवाओं में इसे देखने की उत्सुकता भी बनी हुई है। इन सब के बीच वन विभाग ने लोगों को हाथी के नजदीक न जाने की सख्त हिदायत दी है, क्योंकि डरा या उत्तेजित हाथी किसी भी समय हमला कर सकता है।



### अपने झुंड से बिछुड़ कर पहुंचा हाथी

वन विभाग के मुताबिक 5 से 6 हाथियों का एक झुंड अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बाहर निकला था, लेकिन एक हाथी रास्ता भटककर कवर्धा जिले की ओर आ गया। यह हाथी फिलहाल डरा हुआ बताया जा रहा है और पिछले दो से तीन दिनों से गांगपुर और पाढ़ी गांव के आसपास घूम रहा था लेकिन अब हाथी, तरेगांव वन परिक्षेत्र की ओर चला गया है।

### हाथी पर लगातार नजर बनाए हुए है वन विभाग

वन अमला हाथी की लोकेशन तलाश रहा है। फिलहाल हाथी के पैर के निशान तरेगांव की ओर दिखा रहे हैं, लेकिन हाथी कहां है, इसका पता नहीं चला है। वन मंडल अधिकारी के अनुसार हाथी की लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं और गांव-गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि हाथी से दूरी बनाए रखें, समूह में न जाएं और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# सतनामी समाज का मांगों को लेकर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सतनामी समाज ने अपने ऊपर हो रहे शोषण, अत्याचार एवं अन्याय के विरोध में शुक्रवार को पंडरिया नगर बंद, चक्काजाम तथा पंडरिया थाना का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। प्रदर्शन का मुख्य कारण कुणाल पुरकर हत्या कांड में अब तक दोषियों पर ठोस कार्रवाई न होना है। समाज ने मांग की कि हत्या में संलिप्त संदिग्ध षड़यंत्रकारी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल अपराध दर्ज की जाए, मामले की एसआईटी जांच कराई जाए, आरोपियों को पुलिस रिमांड में लिया जाए तथा पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराते हुए संदिग्ध व्यक्तियों का नार्को टेस्ट कराया जाए। यह आंदोलन मुख्य रूप से राधेलाल भास्कर, सुन्दर लाल पात्रे, भागवत डाहिरे एवं द्वारिका बंजारे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सतनामी समाज की ओर से चंद्रभान कोशले ने कहा कि सतनामी समाज पर लगातार शोषण और अत्याचार हो रहा है। कोई भी सरकारी विभाग इससे अछूता नहीं है। विशेष रूप से थाना स्तर पर पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध वसूली, धमकाने-चमकाने जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो सतनामी समाज आने वाले समय में और भी उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस आंदोलन में सतनामी समाज के सैकड़ों लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और न्याय की मांग को लेकर एकजुट दिखाई दिए।

# एसआइआर के बीच 400 से अधिक मुस्लिम मतदाताओं के नाम पर संकट के बादल

■ फर्जी शिकायत के जरिए नाम काटने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा नगर में निवासरत मुस्लिम समाज के लोगों ने एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान झूठी शिकायत कर मुस्लिम मतदाताओं के नाम हटवाने की कोशिश किए जाने का आरोप कुछ लोगों पर लगाया है। साथ इस मामले की लिखित शिकायत समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर तथा एसडीएम से कर मामले की जांच कर झूठी शिकायत करने वाले दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में मुतवल्ली/प्रबंधक, मुस्लिम ट्रस्ट जामा मस्जिद, कवर्धा हनीफ खान ने बताया कि यह मुद्दा केवल मतदाता सूची से नाम कटने का नहीं है बल्कि उस प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का है, जिसे लेकर अब प्रशासनिक पारदर्शिता और भरोसे की परीक्षा मानी जा रही हैं। उन्होने बताया कि कवर्धा शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों में रहने वाले 400 से अधिक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 के जरिए शिकायतें दर्ज की गई हैं। इन शिकायतों को लेकर सबसे गंभीर पहलू यह बताया गया कि संबंधित मतदाताओं को अचानक नोटिस मिले, जबकि उन्हें अपने खिलाफ किसी शिकायत की जानकारी ही नहीं थी। इससे पूरे समुदाय में भय, असमंजस की स्थिति बन गई है। मजेदार बात यह है कि जिन लोगों ने यह शिकायत की है वे भी उनके वार्ड के नहीं है। वहीं प्रभावित मतदाताओं ने बताया कि जब उन्होंने कथित शिकायतकर्ताओं से संपर्क किया तो कई लोगों ने अपने नाम से किसी भी शिकायत से इंकार कर दिया। वहीं कुछ मामलों में शिकायतकर्ता बीएलओ के समक्ष उपस्थित होने से भी बचते नजर आए। इन परिस्थितियों ने फर्जीवाड़े और दुर्भावनापूर्ण शिकायतों की आशंका को और मजबूत किया है। मुस्लिम समाज ने प्रशासन के सामने स्पष्ट किया कि मताधिकार संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार है और इसे बिना ठोस जांच छीना नहीं जा सकता। ज्ञापन सौंपते समय मांग की गई कि सभी संदिग्ध शिकायतों को निरस्त किया जाए और गलत तरीके से फॉर्म-7 भरने वालों पर कार्रवाई हो। इस पर एसडीएम चेतन साहू ने भरोसा दिलाया कि बिना निष्पक्ष किसी का भी नाम नहीं हटाया जाएगा और फिलहाल सभी नाम यथावत रहेंगे। हालांकि प्रशासन का कहना है कि एसआइआर सर्वे 18 दिसंबर को पूरा हो चुका है, प्रारंभिक सूची 23 दिसंबर को प्रकाशित की गई थी और 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति का समय दिया गया था। अंतिम मतदाता सूची 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित होनी है।



# जिले में अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी, वाहनों की औचक जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार जांच एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर धान परिवहन कर रहे वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान जिला खाद्य अधिकारी द्वारा धान परिवहन कर रहे वाहन चालकों से परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज, परमिट, रसीद, खरीदी केंद्र की जानकारी सहित अन्य आवश्यक विवरणों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के समय वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना वैध दस्तावेजों के धान का परिवहन करना नियम विरुद्ध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य अधिकारी श्री मरकाम ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है।

अवैध रूप से धान का परिवहन या भंडारण करने वालों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश एवं अन्य प्रासंगिक अधिनियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगे भी जिले के सभी प्रमुख मार्गों, गोदामों एवं भंडारण स्थलों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमित जांच अभियान जारी रहेगा। जिला खाद्य अधिकारी ने आम नागरिकों एवं किसानों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मनरेगा बचाओ आंदोलन का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम पंचायत बधाईकुंडा में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मनरेगा बचाओ महासंग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तेलचित्र पर पूजा–अर्चना कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बधाईकुंडा के आम जनमानस उपस्थित होकर मनरेगा बचाओ महासंग्राम में सहभागिता की, योजना की पूरी प्रक्रिया को समझा और अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। जिसमें कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, इंद्रा बंजारे, मनोज चंद्रवंशी के उपस्थिति में हुआ। जन चौपाल को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी रवेली मंडल अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मनरेगा योजना के केवल नाम परिवर्तन कर उसके मूल अधिकारों को कमजोर करने का काम कर रही है।



### पेंशन योजना के हितग्राहियों को 31 तक डीएलसी सत्यापन करवाना अनिवार्य

**कवर्धा।** सामाजिक सहायता योजनाओं के तहत संचालित केंद्रीय पेंशन योजनाओं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना में लाभान्वित हितग्राहियों के लिए 31 जनवरी 2026 तक डीएलसी सत्यापन करवाना अनिवार्य है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक संबंधित हितग्राही अपने ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, नगर पंचायत या नगर पालिका कार्यालय में एंड्रॉइड मोबाइल एप के माध्यम से डीएलसी सत्यापन करवा सकते हैं। इसके अलावा, बेनिफिसरी सत्यापन एप्प के जरिए स्वयं भी अपना सत्यापन कर सकते हैं। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पांडा ने बताया कि जिले में अब तक 90 प्रतिशत पेंशन हितग्राहियों ने सत्यापन करवा लिया है। उन्होंने शेष हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग अभी तक मोबाइल एप के माध्यम से डीएलसी सत्यापन नहीं करवा पाए हैं, वे शीघ्र अपना सत्यापन करवा लें। उन्होंने बताया कि सत्यापन नहीं करवाने की स्थिति में आगामी माह से संबंधित हितग्राही को पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से पहली बार कारखाना में मिली कैंटीन की सौगात**

# भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में श्रमिकों के लिए कैंटीन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में कार्यरत श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत जिले की पहली श्रमिक कैंटीन का शुभारंभ किया गया। इस कैंटीन के प्रारंभ होने से कारखाना में कार्यरत श्रमिकों को अब सस्ती दर पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सकेगा। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के विशेष प्रयासों से तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन के सहयोग से भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के श्रमिकों को कैंटीन सुविधा की सौगात मिली है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में श्रम विभाग एवं कारखाना प्रबंधन के समन्वय से इस योजना को धरातल पर उतारा गया, जिससे जिले को पहली बार श्रमिकों के लिए संचालित अन्न योजना कैंटीन की सुविधा प्राप्त हुई है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के एमडी जीएस शर्मा ने बताया कि केन्टीन का संचालन दुर्ग की कम्पनी मेसर्स आरके एसोसियेट्स के द्वारा किया जा रहा है। इस कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों को मात्र 5 रूपये में उच्च गुणवत्ता एवं पौष्टिक भोजन उपलबध कराया जाएगा। कैंटीन सप्ताह में 6 दिन, प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक संचालित होगी। सप्ताह के सभी छह दिनों के लिए अलग-अलग मेनू निर्धारित किया गया है, जिसमें चालव, दाल, अचार, सलाद, सूखी सब्जी, रसेदार सब्जी तथा गर्मी के मौसम में छाछ जैसी पौष्टिक वस्तुएं शामिल हैं। उन्होनें बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना श्रम विभाग की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत श्रमिकों से प्रति थाली केवल 5 रूपये लिए जाते हैं, जबकि शेष राशि शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में वहन की जाती है। इस पहल से श्रमिकों को सस्ता एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध होने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता में भी सकारात्मक सुधार होगा। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत केन्टीन के उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ एवं समृद्ध किसान संघ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण, कारखाना के अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं किसान उपस्थित रहे।



# मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांग हरिचंद पटेल ने शुरू किया आत्मनिर्भर जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहा जाता है कि अगर मन में कुछ करने का जज्बा हो और शासन का साथ मिल जाए, तो कोई भी बाधा इंसान को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। कबीरधाम जिले के ग्राम गांगचुवा (सिंघनपुरी) निवासी दिव्यांग हरिचंद पटेल के लिए शासन की एक मदद ने जिंदगी को नई राह दे दी। बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब उनका चलना-फिरना आसान हुआ है और रोजगार के नए रास्ते खुले हैं। एक हादसे ने कभी उनकी जिंदगी की रफ्तार रोक दी थी, लेकिन सरकारी सहायता ने उन्हें फिर से आगे बढना सिखा दिया। इस सुविधा से उनके दैनिक जीवन और आजीविका में काफी सहूलियत हुई है। हरिचंद पटेल एक सड़क दुर्घटना में अपना बायां पैर खो बैठे थे, जिसके बाद वे एक पैर से दिव्यांग हो गए। दिव्यांगता के कारण उनके लिए चलना-फिरना और काम करना मुश्किल हो गया था। परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर होने से आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती जा रही थी। इलाज के दौरान उन्हें जिला अस्पताल में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनने की जानकारी मिली। प्रमाण पत्र बनवाने के बाद उन्होंने समाज कल्याण विभाग में बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन किया। पात्र पाए जाने पर विभाग द्वारा उन्हें ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया। अब वे आसानी से आवागमन कर पा रहे हैं और अपने गांव में एक छोटी किराना दुकान चला रहे हैं। ट्राइसाइकिल की मदद से वे सामान लाने-ले जाने का काम भी स्वयं कर रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के संकुल पथर्रा में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। जिस पर संस्था प्रमुख श्रीमती एलवीना विलसन प्रधान पाठिका द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा-अर्चना की गई, तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, रसोईया श्रीमती रजन बाई, मोहित साहू, भागीरथी कमला साहू सभी छात्र छात्राओं ने पूजा अर्चना की। वहीं विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं द्वारा गीत-संगीत तथा विभिन्न गतिविधि संस्कृति कार्यक्रम आयोजित की गई।

## राज्य स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस शिविर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम रवाना, प्रेरणा सिंह ठाकुर व वजन राम साहू करेंगे नेतृत्व



**हरिभूमि कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई की एक विशेष टीम राज्य स्तरीय सात दिवसीय आवासीय शिविर में भाग लेने के लिए बलौदाबाजार हेतु रवाना हो गई है। यह शिविर 22 से 28 जनवरी तक शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विश्वविद्यालय के चयनित स्वयंसेवक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और नशा मुक्त समाज का संदेश देंगे। इस महत्वपूर्ण टीम का नेतृत्व संयुक्त रूप से प्रेरणा सिंह ठाकुर, घनश्याम सिंह आर्य महिला महाविद्यालय दुर्ग और कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा द्वारा किया जा रहा है। इनके कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा और बेमेतरा जिले के स्वयंसेवक भी पूरे छत्तीसगढ़ से आए छात्र-छात्राओं के साथ सात दिनों तक विभिन्न गतिविधियों में शामिल होंगे। टीम में कवर्धा से राहुल बघेल शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई-कुकदूर, प्रदीप धुर्वे गजानन माधव मुक्तिबोध शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, नितेश बंजारे स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय बोड़ला और बेमेतरा से जीतू समाधान महाविद्यालय बेमेतरा शामिल हैं। यह सात दिवसीय आवासीय शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित है। शिविर का मुख्य केंद्र बिंदु नशा मुक्त समाज के लिए युवाओं की भूमिका और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इस दौरान स्वयंसेवक विभिन्न बौद्धिक सत्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, योग और श्रमदान के माध्यम से समाज सेवा का संदेश देंगे। शिविर का उद्देश्य युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्यो में सहभागी बनाना है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव और कार्यक्रम समन्वयक जनेन्द्र कुमार दीवान एवं जिला संगठक डॉ श्रीमती केएस परिहार ने टीम के नेतृत्वकर्ताओं और सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि यह दल न केवल अनुशासन का परिचय देगा, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के अपने संकल्प में भी सफल होगा।

## बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ के मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रीकला में बसंत पंचमी बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर छात्र-छात्राओं के द्वारा ज्ञान का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों द्वारा बसंत पंचमी के बारे में बताया गया, कि प्रतिवर्ष माघ महीने में जब हल्की ठंड के बीच चारों ओर पीले रंग की रौनक दिखने लगती है, खेतों में सरसों खिल जाती है और मन में एक नई ताजगी महसूस होती है, तब बसंत पंचमी आती है। इसी दिन देश के अलग-अलग हिस्सों में मां सरस्वती की पूजा बड़े श्रद्धा भाव से की जाती है, खास तौर पर छात्र छात्राएं, शिक्षक, कलाकार और संगीत से जुड़े लोग इस दिन को बेहद खास मानते हैं।

## क्षेत्र के ग्रामीण किसान गन्ना फसल की कटाई-छटाई कार्य में जुटे



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण अंचलों तक इन दिनों गन्ना फसल की खेती-किसानी कार्य में ग्रामीण किसान और मजदूर दिन-रात जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि गन्ना फसल की कटाई छटाई का कार्य अत्यंत कठिन और मेहनत भरा होता है, जिसमें भारी वजन कंधों और सिर पर उठाना पड़ता है। इस कार्य में बच्चे, युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं, जो खून-पसीना बहाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार लगातार 24 घंटे काम और पर्याप्त आराम न मिलने के कारण किसान व मजदूर शारीरिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। गन्ना कार्य में अत्यधिक श्रम के साथ-साथ संतुलित और पौष्टिक आहार का अभाव भी एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। अधिकांश किसानों का मुख्य आहार चांवल ही है, जिससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते। परिणामस्वरूप मेहनत का असर सीधे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और किसान दुबले-पतले होते जा रहे हैं। लगातार श्रम, भारी वजन उठाने और थकान के कारण कई मजदूरों को शारीरिक कमजोरी का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को देखते हुए किसानों और मजदूरों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शासकीय राशन दुकानों के माध्यम से गेहूं और चना जैसे पौष्टिक आहार का निःशुल्क वितरण किया जाए। इससे किसानों को आवश्यक पोषण मिल सके।

### निजी गुड़ उद्योग से किसानों को बेहतर दाम मिल रहा

# निजी गुड़ उद्योग ग्रामीण किसानों के लिए बना वरदान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

क्षेत्र के किसानों के लिए निजी गुड़ उद्योग आज किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रहा है। जहां एक ओर वर्षो से सहकारी शक्कर कारखानों पर निर्भर किसान समय पर भुगतान न मिलने की समस्या से जूझते रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निजी गुड़ उद्योग किसानों को न केवल बेहतर दाम दे रहा है, बल्कि गन्ना बेचते ही नगद भुगतान कर राहत भी प्रदान कर रहा है। यही कारण है कि अब किसानों का रुझान तेजी से सहकारी शक्कर कारखानों से हटकर निजी गुड़ उद्योगों की ओर बढ़ता जा रहा है। वर्तमान समय में निजी गुड़ उद्योगों द्वारा किसानों से गन्ना लगभग 500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। यह दर किसानों के लिए आकर्षक होने के साथ-साथ भरोसेमंद भी है, क्योंकि भुगतान में किसी प्रकार की देरी नहीं की जाती। गन्ना तौलते ही किसान को नगद राशि मिल जाती है, जिससे उनकी दैनिक जरूरतें आसानी से पूरी हो रही हैं। इसके विपरीत सरकारी शक्कर कारखानों की स्थिति किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार शक्कर कारखानों में गन्ना देने के बाद भुगतान महीनों तक अटका रहता है। अपने ही मेहनत की फसल का पैसा पाने के लिए किसानों को बार-बार धरना-प्रदर्शन करना पड़ता है, अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ते हैं, तब कहीं जाकर आंशिक भुगतान उनके खाते में आता है। किसानों का कहना है कि खेती केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि घर-परिवार की जिम्मेदारियां भी उसी से जुड़ी होती हैं। अचानक शादी-विवाह, बीमारी, बच्चों की पढ़ाई या अन्य सामाजिक कार्यो के लिए पैसों की तत्काल आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में यदि गन्ना बेचने के बाद भी समय पर भुगतान न मिले, तो किसान मजबूरी में साहूकारों से ब्याज पर पैसा लेने को विवश हो जाते हैं, जिससे उनका आर्थिक बोझ और बढ़ जाता है। इन्हीं समस्याओं के चलते अब किसान सहकारी शक्कर कारखानों से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं।

**गुड़ उद्योगों में गन्ना बेचना अधिक सुरक्षित**



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निजी गुड़ उद्योगों में बेहतर दाम, त्वरित भुगतान और स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध होने के कारण किसान अपने आसपास के ही निजी गुड़ उद्योगों में गन्ना बेचना अधिक सुरक्षित और लाभकारी मान रहे हैं। क्षेत्र के कई किसानों का मानना है कि यदि सहकारी शक्कर कारखाने समय पर पूरा भुगतान सुनिश्चित करें और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें, तो शायद किसानों का भरोसा दोबारा लौट सके। लेकिन वर्तमान हालात में निजी गुड़ उद्योग किसानों की आर्थिक रीढ़ मजबूत कर रहा है और उनकी मेहनत का उचित मूल्य समय पर दिला रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो आज निजी गुड़ उद्योग किसानों के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है, जबकि सहकारी शक्कर कारखानों की उदासीनता किसानों को उनसे लगातार दूर करती जा रही है।

## बसंत पंचमी पर्व के साथ नन्हें कदमों ने किया विद्या-पथ पर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल प्रांगण में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। संपूर्ण विद्यालय परिषर को पीले एवं श्वेत रंगों की सुसज्जित सजावट, पुष्प-मालाओं, रंगोली तथा आकर्षक तोरणों से अलंकृत किया गया, जिससे वातावरण में बसंत की मधुर छटा स्वतः ही उतर आई। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान, विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा की पूर्ण विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना एवं आरती से हुआ।



विद्यालय संचालक पवन देवांगन, श्रीमती सारिका देवांगन तथा एपीएस प्राचार्य एसएल नापित और एपीएस सीजी बोर्ड प्राचार्य लोकनाथ देवांगन के करकमलों द्वारा दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ पूरा प्रांगण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। समस्त वैदिक मन्त्रोंचार विद्यालय संस्कृत आचार्य दीपक मिश्रा द्वारा विधिवत सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने मां सरस्वती से विद्या, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञानार्जन, अनुशासन और नवचेतना के आरंभ का पावन संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्या को जीवन का आलोक मानते हुए सतत परिश्रम और संस्कारों के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, समूह गीत, कविता पाठ, नृत्य एवं लघु नाट्य की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई। समारोह का समापन प्रसाद वितरण एवं आभार व्यक्त करते हुआ किया। इस संपूर्ण आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षा, संस्कृति और श्रद्धा एक साथ मिलती हैं, तब विद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की सजीव पाठशाला बन जाता है।

**बसंत पंचमी एवं विद्यारंभ संस्कार श्रद्धा के साथ मनाया गया**



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिषर में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों के लिए विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न कराया गया, जिसमें बच्चों ने पहली बार अक्षर-लेखन कर शिक्षा के पथ पर कदम रखा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन कर किया। बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत पंचमी के महत्व को दर्शाया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण हो गया। विद्यालय प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, संस्कार और सृजनशीलता का प्रतीक है। विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को विद्या, अनुशासन एवं अच्छे संस्कारों का महत्व बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## सीबीएसई अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी में अभ्युदय स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उत्कृष्ट शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों का संगम ही सफलता की सबसे मजबूत नींव होता है। पराक्रम दिवस के पावन अवसर पर आयोजित सीबीएसई अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थानों पर कब्जा जमाकर पूरे जिले में अभ्युदय स्कूल का नाम गौरव से रौशन किया। वहीं देशभक्ति, बौद्धिक विकास एवं राष्ट्रीय चेतना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार यह भव्य प्रतियोगिता शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर- कवर्धा में आयोजित की गई।

इस ज्ञानवर्धक आयोजन में कवर्धा जिले के समस्त सीबीएसई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता को विद्यार्थियों की आयु एवं कक्षा स्तर



को ध्यान में रखते हुए दो वर्गो में विभाजित किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता का विषय स्वदेशी वोकल फॉर लोकल रखा गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत की भावना तथा स्थानीय संसाधनों के महत्व को सुदृढ़ करना था। वहीं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए ऑपरेशन सिंदूर मॉड्यूल पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समसामयिक विषयों से जुड़े विचारोत्तेजक प्रश्न शामिल थे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 6 से 8 वर्ग में आदि जैन ने प्रथम, प्रत्युष मिश्रा ने द्वितीय एवं आदित्य अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को अपार गौरव प्रदान किया। विजेता विद्यार्थियों सहित सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वहीं इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि प्रश्नोत्तरी जैसी शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं। उन्होंने पराक्रम दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आदर्शो से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनने का संदेश दिया। वहीं विद्यालय के प्रबंधन ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विजेता विद्यार्थियों, उनके मार्गदर्शक शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**आज से तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का आयोजन**



**हरिभूमि कवर्धा।** कबीरधाम जिले में पहली बार व्यापक स्तर पर तीन दिवसीय आवासीय ओशो ध्यान शिविर का का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग राज्यों और जिलों के साधक और ओशो संन्यासियों का आगमन हो रहा है। यह शिविर लालपुर रोड स्थित दक्ष पैलेस में 23 जनवरी से 26 जनवरी तक रहेगा। इस शिविर में स्थानीय ओशो संन्यासियों और प्रेमियों को भी आमंत्रित किया गया है। शिविर के संचालक स्वामी बोधीमन्यू ने बताया कि ध्यान से हमारी ऊर्जा केंद्रीत होती है। जिससे हमको तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन या आत्महत्या के विचार आते हैं, डर लगता है भय लगता है से मुक्ति तत्काल हो जाती है। आपका एक नए व्यक्ति के रूप में जन्म होता है। इसीलिए सभी व्यक्तियों को ध्यान करना चाहिए, ज्यादातर मौजूदा वक्त में विद्यार्थी आत्महत्याएं कर रहे हैं उन्हें ध्यान करना चाहिए।

## महिला कांग्रेस मजदूर प्रकोष्ठ में नियुक्ति, उमा चंद्राकर बनीं कवर्धा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



रायपुर में विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस मजदूर प्रकोष्ठ के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिस पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलोदेवी नेताम की अनुशंसा पर प्रदेश महिला कांग्रेस मजदूर प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती कार्तिका सिंह भुवाल ने उमा चंद्राकर को कवर्धा महिला कांग्रेस मजदूर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। नियुक्ति की घोषणा होते ही संगठन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ताओं छवी धुर्वे, शारदा सोनवानी, शमीम खान, शालनी, निषार फातिमा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उमा चंद्राकर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उमा चंद्राकर ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महिला मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, उनके हितों के लिए संघर्ष और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिला कांग्रेस मजदूर प्रकोष्ठ को कवर्धा जिले में और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाया जाएगा। इस नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में महिला मजदूरों की आवाज और अधिक प्रभावी रूप से बुलंद होगी।

**जेवडन खुर्द के गौठान में आज गूंजेगा मातर मड़ई का संदेश**



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवडन खुर्द में यादव समाज द्वारा पारंपरिक मातर-मड़ई व राउत नाचा का सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन शनिवार 24 जनवरी को सुबह बाजे-गाजे के साथ ठोडहर देव के गौठान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान यादव समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, लाठी-खुमरी के साथ गौठान में प्रवेश करेंगे। वहीं राउत नाच की मनमोहक धुनों पर दोहा-साखी का पुकार करते हुए सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जेवडन खुर्द निवासी लालजी यादव एवं लालाराम यादव ने बताया कि मातर-मड़ई-मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वहीं व्यापारियों के लिए दुकान लगाने हेतु स्थान भी चिन्हांकित कर दिए गए हैं। आसपास एवं दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम जेवडन खुर्द के यादव समाज के प्रमुख एवं वरिष्ठ नागरिक सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं और सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल पिपरिया में मनाई गई बसंत पंचमी



- छात्र छात्राओं ने भाषण व सुंदर-भजन की प्रस्तुतियां दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

शासकीय अंग्रेजी माध्यम शाला पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला पिपरिया परिषर में ऋतुराज बसंत के पदार्पण तथा भगवती मां सरस्वती का आविर्भाव दिवस के पावन अवसर पर ज्ञान और शिक्षा की देवी मां सरस्वती एवं बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य नंदकुमार शर्मा द्वारा तथा अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं जिसमें विकास साव, नरेंद्र घृतेश, ऋतुराज शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, वर्षा रानी, चंद्रमणि, तृप्ति सिन्हा, लक्ष्मी सोम, रोहिणी योगी, पूनम चंद्राकर, दिव्या देशमुख, कल्पना सोम, लोकेश्वरी साहू, भूपेन्द्र गढ़े, वैशाली सिंह, प्रिया और प्रियंका चंद्रवंशी के साथ दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। अंग्रेजी व्याख्याता श्रीमती सुभद्रा शाही ने इस त्यौहार का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बताया और छात्र छात्राओं को ज्ञान और शिक्षा का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वहीं कक्षा 7वीं के छात्र फरहान रजा खान और भूमिका साहू ने बसंत पंचमी उत्सव पर भाषण दिया, कक्षा 11वीं के छात्राओं द्वारा सुंदर-भजन गाया गया। जिस पर प्राचार्य एनके शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए छात्राओं के जीवन में शिक्षा, कला और संस्कृति के महत्व पर जोर दिया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130